प्रेस विज्ञप्ति

गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय
पंतनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)

वर्चुअल प्रशिक्षण–युवाओं हेतु कृषि व्यवसाय प्रबन्धन के अवसर

पंतनगर 23 मई 2022। विश्वविद्यालय के प्रसार शिक्षा निदेशालय में समेटी–उत्तराखण्ड द्वारा कृषि व्यवसाय प्रबन्धन महाविद्यालय एवं राष्ट्रीय कृषि विस्तार प्रबन्ध संस्थान (मैनेज), हैदराबाद के संयुक्त तत्वाधान में 'युवाओं हेतु कृषि व्यवसाय प्रबन्धन के अवसर' विषय पर आज से तीन–दिवसीय वर्चुअल प्रशिक्षण का आयोजन किया गया।

वर्चुअल प्रशिक्षण के उद्घाटन सत्र में संयुक्त निदेशक, प्रसार शिक्षा, डा. अनुराधा दत्ता; प्राध्यापक (सस्य विज्ञान), प्रसार शिक्षा निदेशालय, डा. बी.डी. सिंह; सहायक प्राध्यापक, कृषि व्यवसाय प्रबन्धन महाविद्यालय, डा. स्नेहा दोहरे एवं मैनेज फैलो, हैदराबाद, डा. सुसरेखा दास द्वारा प्रशिक्षण के उद्देश्य, प्रमुख विषय एवं महत्व के बारे में विस्तार से बताया। वक्ताओं ने व्यवसाय प्रबन्धन के दौरान बरती जाने वाली सावधानियां, सूचना एवं संचार तकनीक का विपणन में उपयोग, उत्तराखण्ड के परिप्रेक्ष्य में मंडुवा, झंगोरा, गहत, अमरेंथ, कुट्टू, मसालें इत्यादि के मूल्यवर्धन एवं होने वाले लाभ के बारे में चर्चा की गयी। वक्ताओं ने मत्स्य पालन, मौन पालन, कुक्कुट पालन, दुग्ध उत्पादन, औषधीय एवं सगन्ध पौध जैसे कृषि के घटकों द्वारा आय में होने वाले वृद्धि एवं विपणन व्यवस्था पर भी प्रकाश डाला। इन तीन–दिवसीय कार्यक्रमों में कृषि व्यवसाय प्रबन्धन महाविद्यालय एवं कृषि अर्थशास्त्र विभाग के वैज्ञानिक एवं मैनेज, हैदराबाद के प्रशिक्षकों द्वारा प्रशिक्षण दिया जायेगा।

इस ऑनलाइन प्रशिक्षण में विभिन्न राज्यों, जैसे उत्तराखण्ड, उत्तर प्रदेश, राजस्थान, पश्चिम बंगाल, तेलंगाना, कर्नाटक, तमिलनाडू इत्यादि से प्रगतिशील कृषक, उद्यमी व विभागीय अधिकारी प्रतिभाग कर रहे हैं। उत्तराखण्ड के विभिन्न कृषि विज्ञान केन्द्रों के वैज्ञानिक, आतमा के अधिकारी, उद्यमी एवं प्रगतिशील कृषकों सहित कुल 62 प्रतिभागी प्रतिभाग कर रहे हैं। प्रशिक्षण आयोजन में कु. ज्योति कनवाल, फैसिलिटेटर 'डेसी' एवं श्री जगदीश चन्द्र बिष्ट द्वारा भी सराहनीय योगदान दिया गया।